an>

Title: Need to equip the AIIMS, Patna with all facilities including medical tests and provision for direct connection with AIIMS, Delhi in order to fix dates for doctors' appointment and operation of patients.

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) : माननीय सभापति महोदय, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में बड़ी संख्या में हमारे बिहार के लोग अपने मरीजों को दिखाने के लिए आते रहते हैं। कभी एक टैस्ट, तो कभी दूसरा टैस्ट कराने में ही कई महीने गुजर जाते हैं। दिल्ली में उनके रहने की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण उन्हें विकट परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उनमें से जो सक्षम हैं, वे तो किसी प्रकार से अपने रहने की व्यवस्था कर लेते हैं, मगर जो गरीब हैं, मजदूरी करते हैं, वह अपने रहने की व्यवस्था कैसे करें? किसी प्रकार से वह अपने रिश्तेदारों, पड़ोसियों आदि से कर्ज लेकर इलाज के लिए जैसे-तैसे पैसों की व्यवस्था करते हैं। मगर बार-बार अपने मरीज को लेकर दिल्ली टैस्ट कराने आने-जाने में ही उनका सारा पैसा और समय बर्बाद हो जाता है।

अतः मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूँ कि नवनिर्मित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), पटना में ही इस प्रकार की व्यवस्था करवाई जाये, जिससे मरीजों का वहीं पर सभी टैस्ट हो जाये और कम्प्यूटर-नैट के माध्यम से दिल्ली के एम्स से सम्पर्क कर वहीं से ही मरीजों को डॉक्टरों से दिखाने का सही समय और ऑपरेशन इत्यादि कराने की डेट मिल जाये। ताकि बार-बार दिल्ली आने-जाने की समस्या से उन्हें छुटकारा मिल जाये और बेवजह होने वाले आर्थिक नुकसान से भी उन्हें बचाया जा सके।